Regarding attack on an elected representative in Bihar

श्री मनोज कुमार **(सासाराम) :** महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मेरे ऊपर 30 जनवरी को जानलेवा हमला हुआ ।? (व्यवधान) मैं आपको बताना चाहता हूं कि मुझे दलित समझ कर, मुझे गरीब समझ कर मारा गया और प्रशासन के जितने लोग थे, सभी मूकदर्शक बने रह गए ।? (व्यवधान) हमारे भतीजे और हमारे ही रिलेटिव्स को पकड़ कर जेल में डाला गया ।? (व्यवधान)

महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि 30 जनवरी को जब मैं संसद का सत्र अटेंड करने के लिए अपने आवास कुदरा से आ रहा था तो उसके बीच में रास्ते में ही मेरा स्कूल है । वहां से पैक्स का चुनाव जीतने पर लोग जुलूस लेकर जा रहे थे । मेरे ड्राइवर ने उन्हें बस इतना ही बोल दिया कि ?थोड़ा-सा कम हल्ला कीजिए, स्कूल है,? तो इतना बोलने पर मेरे दो ड्राइवर्स को मार कर लोगों ने अधमरा कर दिया । उसके बाद मेरे छोटे भाई साहब वहां आए, उन्होंने हाथ जोड़े और चले गए ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप क्या चाहते हैं?

? (व्यवधान)

श्री मनोज कुमार **:** महोदय, मुझे बस एक मिनट का टाइम दे दीजिए ।? (व्यवधान) मैं दलित वर्ग से आता हूं । मेरी बात सुन ली जाए ।

माननीय सभापति **:** मैं आपको पूरा सुन रहा हूं ।

श्री मनोज कुमार **:** महोदय, मेरे दो ड्राइवर्स को अधमरा कर दिया गया । मेरे छोटे भाई साहब आए, हाथ जोड़े । उसके बाद लोग चले गए । गांव से फिर अपराधी तलवार, भाला और बंदूक लेकर आए और मेरे स्कूल पर हमला किया । मैं भी रास्ते में था । मैं उन्हें समझाने के लिए गया । मुझे पत्थर से मारा गया और प्रशासन मूकदर्शक बना रहा ।? (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** How much time will he take?

? (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** I have given him sufficient time.

? (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** What is your demand?

श्री मनोज कुमार **:** महोदय, मेरा कहना है कि मेरे क्षेत्र में मेरी कभी भी हत्या हो सकती है, मेरे भाई की कभी भी हत्या हो सकती है, मेरे परिवार के लोगों की कभी भी हत्या हो सकती है ।

महोदय, मैं आपसे विनती करता हूं कि मैं एक दलित का बेटा हूं, मैं एक मजदूर का बेटा हूं, मैं एक गरीब का बेटा हूं, मेरी सुरक्षा की जाए । ये अपराधी तबके के लोग मुझे कभी भी मार देंगे, इनकी जमानत दो दिनों में होती है ।? (व्यवधान)